# बिहार सरकार
## भवन निर्माण विभाग

पत्रांक–डी0डी0–2–विविध–25 / 2022–23 (पार्ट–III) ...... 5120 (भ) पटना, दिनांक:–.......... 22/6/23

प्रेषक,

राकेश कुमार,
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव

सेवा में,

सभी कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल,
भवन निर्माण विभाग, बिहार।

विषयः– राज्य के अन्तर्गत हो रहे निर्माण कार्य स्थलों पर श्रमिकों के लिए लू (Heat Wave) से बचाव हेतु समुचित व्यवस्था करने के संबंध में।

प्रसंगः– प्रधान सचिव, श्रम संसाधन विभाग (बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड) बिहार, पटना का पत्रांक–633, दिनांक–08.06.2023

महाशय,

उपर्युक्त विषय से संबंधित प्रासंगिक पत्र की छायाप्रति संलग्न करते हुए निदेश है कि उक्त पत्र में वर्णित बिन्दुओं के आलोक में अपने स्तर से समुचित कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

अनु0ः–यथोक्त।

विश्वासभाजन,

22/6/23

(राकेश कुमार),
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक– 5120 (भ) पटना, दिनांक:.......... 22/6/23

प्रतिलिपि–सभी मुख्य अभियंता / सभी अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

22/6/23

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक– 5120 (भ) पटना, दिनांक:.......... 22/6/23

प्रतिलिपि–प्रधान सचिव, श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

22/6/23

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक– 5120 (भ) दिनांक–............. 22/6/23

प्रतिलिपिः–आई.टी. मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

22/6/23

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

अनतायुक्त

2781 ITM
09/6/23

805

पत्र सं0–बी.सी.डब्लू.सी.–115/2017–18 (खंड-III) श्र0सं0– 633

**बिहार सरकार**
**श्रम संसाधन विभाग**
**बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड, पटना**

09 JUN 2023

प्रेषक,

अरविन्द कुमार चौधरी, भा0प्र0से0
प्रधान सचिव,
श्रम संसाधन विभाग,
बिहार, पटना।

सेवा में,

1. अपर मुख्य सचिव,
   पथ निर्माण विभाग, पटना/ नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना/ स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना/योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना।
2. प्रधान सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना।
3. सचिव,
   ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना/जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/ भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/समाज कल्याण विभाग, बिहार, पटना/ ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना।
4. अध्यक्ष, बिहार राज्य औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड, उद्योग भवन, गाँधी मैदान, पटना।
5. अध्यक्ष –सह– प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण विभाग, पटना।
6. अध्यक्ष –सह– सचिव, बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम, पटना।
7. प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम, बिहार, पटना/ बिहार राज्य आवास बोर्ड, बिहार, पटना।
8. निदेशक, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, पटना/गया/दरभंगा।

पटना, दिनांक– 08.06.2023

विषय :– राज्य के अन्तर्गत हो रहे निर्माण कार्यों की सूची (निर्माण स्थल सहित) उपलब्ध कराने के संबंध में।

प्रसंग :– आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार का पत्रांक–01/प्रा0आ0–20/2015(खंड)/1040/आ0प्र0 दिनांक–07.03.2023

महाशय,

उपर्युक्त विषयक राज्य में मजदूरों को भीषण गर्मी एवं लू (Heat Wave) से बचाव हेतु कारगर उपाय एवं कार्रवाई करने के निमित्त आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार के प्रासंगिक पत्र के आलोक में मुख्य सचिव, बिहार के द्वारा सभी निर्माण कार्य के स्थलों पर मजदूरों के लिए स्वास्थ्य, पेयजल, पर्याप्त शेड, आदि की सुविधा उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया है।

2023/rd_ltr_364

अभियंता प्रमुख
भवन निर्माण विभाग

DMC 2026 15/6/23

3855 9/6/23

1194 14.6.23

उल्लेखनीय है कि बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवा–शर्त्ते विनियमन) नियमावली, 2005 के नियम–232 (xii) में नियोजक द्वारा भवन एवं अन्य सन्निर्माण कार्य के निर्माण स्थल पर कर्मकारों को लू (Heat Wave) से बचाव हेतु समुचित उपाय सुनिश्चित करने का प्रावधान किया गया है। यह भी उल्लेखनीय है कि बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड, श्रम संसाधन विभाग, बिहार द्वारा समय–समय पर अखबारों में विज्ञापन के माध्यम से नियोजकों के लिए आवश्यक सूचना भी प्रकाशित करायी जा रही है (प्रति संलग्न)।

मुख्य सचिव, बिहार से प्राप्त निदेश के आलोक में अनुरोध है कि आपके विभाग/बोर्ड/निगम के माध्यम से वर्त्तमान में संचालित निर्माण कार्यो की सूची (निर्माण स्थल सहित) शीघ्र उपलब्ध कराने की कृपा की जाय, ताकि विभागीय पदाधिकारियों के माध्यम से उक्त कार्य स्थलों का सर्वेक्षण कराते हुए लू (Heat Wave) से बचाव हेतु समुचित उपाय सुनिश्चित कराया जा सके। साथ ही, अपने अधीन पदाधिकारियों को भी निर्माण कार्य स्थलों पर श्रमिकों के लिए लू (Heat Wave) से बचाव हेतु समुचित व्यवस्था करने हेतु अपने स्तर से निदेश निर्गत करना चाहेंगे।

अनुलग्नक – यथोक्त।

विश्वासभाजन

7/6/23

(अरविन्द कुमार चौधरी)
प्रधान सचिव

2023/rd_ltr_365